भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3963**

25 मार्च, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में पीएम-किसान के लाभार्थी**

3963. श्री अरुण कुमार सागरः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश और विशेषकर शाहजहांपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के किसान भी पीएम-किसान योजना से लाभान्वित हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो आज की तारीख तक तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख): पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा फरवरी 2019 में कृषि योग्य भूमिधारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू किया गया था । इस योजना के तहत, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ अंतरित किया जाता है।

किसान-केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ने सुनिश्चित किया है कि योजना का लाभ बिना किसी बिचौलियों की भागीदारी के देश भर के सभी किसानों तक पहुंचे । लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए, भारत सरकार ने योजना की शुरुआत से अब तक 19 किस्तों में रुपये 3.68 लाख करोड़ से अधिक का वितरण किया है। उत्तर प्रदेश में, पात्र किसानों को अब तक 85017.83 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है और इसमें से शाहजहांपुर जिले के लाभार्थियों को 1555.52 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में जारी किए गए लाभों का किस्त-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

**लो.स.अता.प्र.स. 3963**

**अनुबंध**

**उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में पीएम-किसान के तहत जारी लाभों का किस्त-वार विवरण**

| **किस्त सं.** | **किस्त अवधि** | **लाभार्थियों की संख्या** | **वितरित राशि (करोड़ रुपए में)** |
|---|---|---|---|
| पहली | वित्तीय वर्ष 2018-2019 (दिसंबर-मार्च) | 2,25,642 | 45.13 |
| दूसरी | वित्त वर्ष 2019-2020 (अप्रैल-जुलाई) | 3,05,523 | 63.78 |
| तीसरी | वित्त वर्ष 2019-2020 (अगस्त-नवंबर) | 3,24,776 | 69.00 |
| चौथी | वित्त वर्ष 2019-2020 (दिसंबर-मार्च) | 3,41,211 | 75.87 |
| पांचवीं | वित्त वर्ष 2020-2021 (अप्रैल-जुलाई) | 4,10,409 | 100.11 |
| छठी | वित्त वर्ष 2020-2021 (अगस्त-नवंबर) | 4,09,891 | 86.30 |
| सातवीं | वित्त वर्ष 2020-2021 (दिसंबर-मार्च) | 4,19,052 | 85.82 |
| आठवीं | वित्त वर्ष 2021-2022 (अप्रैल-जुलाई) | 4,35,734 | 95.80 |
| नौवीं | वित्त वर्ष 2021-2022 (अगस्त-नवंबर) | 4,36,868 | 89.45 |
| दसवीं | वित्त वर्ष 2021-2022 (दिसंबर-मार्च) | 4,46,281 | 98.15 |
| ग्यारहवीं | वित्त वर्ष 2022-2023 (अप्रैल-जुलाई) | 4,45,599 | 91.02 |
| बारहवीं | वित्त वर्ष 2022-2023 (अगस्त-नवंबर) | 3,48,414 | 70.21 |
| तेरहवीं | वित्त वर्ष 2022-2023 (दिसंबर-मार्च) | 3,37,706 | 70.00 |
| चौदहवीं | वित्त वर्ष 2023-2024 (अप्रैल-जुलाई) | 3,57,827 | 79.62 |
| पंद्रहवीं | वित्त वर्ष 2023-2024 (अगस्त-नवंबर) | 3,24,822 | 73.61 |
| सोलहवीं | वित्त वर्ष 2023-2024 (दिसंबर-मार्च) | 3,51,764 | 94.09 |
| सत्रहवीं | वित्त वर्ष 2024-2025 (अप्रैल-जुलाई) | 3,63,296 | 80.12 |
| अठारहवीं | वित्त वर्ष 2024-2025 (अगस्त-नवंबर) | 3,81,307 | 85.52 |
| उन्नीसवीं | वित्त वर्ष 2024-2025 (दिसंबर-मार्च) | 4,03,691 | 101.91 |
| | | **सकल योग** | **1,555.52** |

*****